राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
बीज भवन, पूसा परिसर
नई दिल्ली-110012

संख्याः 116(1)/13-कार्मिक/ एनएससी                                        दिनांकः 14 अक्टूबर, 2013

**परिपत्र**

एनएससी के निदेशक मंडल ने दिनांक 03.05.2013 को हुई अपनी 246 वीं बैठक में कलस्टर योजना के अंतर्गत निगम के कर्मचारियों की पदोन्नति का अनुमोदन किया था। वर्तमान आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए तथा जनशक्ति की गुणवत्ता में सुधार हेतु कार्यपालकों एवं गैर संगठित पर्यवेक्षकों के नियुक्ति नियमों को संशोधित किया गया था, जिसे निदेशक मंडल ने भी अनुमोदित कर दिया। उपरोक्त योजना के साथ-साथ नियुक्ति नियमों को अधिसूचित एवं निगम की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया था और अभी भी वेबसाइट पर संदर्भ के लिए उपलब्ध है।

निदेशक मंडल ने दिनांक 26.09.2013 को हुई अपनी 249 वीं बैठक में निगम को निर्देश दिया है कि उपरोक्त पदोन्नति योजना पर निगम के व्यथित कर्मचारियों से अभ्यावेदन आंमत्रित किए जाएं, यदि कोई हो। उपरोक्त पदोन्नति योजना पर ऐसे सभी कर्मचारी दिनांक 08.11.2013 तक अभ्यावेदन, यदि कोई हो, दे सकते हैं । इन अभ्यावेदनों पर निदेशक मंडल द्वारा गठित निम्नलिखित सदस्यों की समिति द्वारा जांच पड़ताल की जायेगीः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री एम.एम.शर्मा, निदेशक (वित्त) | - | अध्यक्ष |
| 2. | श्री राम कुमार, अवर सचिव (बीज)<br>कृषि मंत्रालय | - | सदस्य |
| 3. | श्री डी.आर.सरीन, महा प्रबंधक (मानव संसाधन) | - | सचिव |

एसपीपाण्डेय

(एस.पी.पाण्डेय)
प्रबंधक (मानव संसाधन)

**वितरणः**

1. सभी प्रभागाध्यक्ष इस अनुरोध के साथ कि वह अपने अधीन कार्यरत सभी कर्मचारियों को इस परिपत्र की विषयवस्तु से अवगत कराये।
2. सभी क्षेत्रीय प्रबंधक इस अनुरोध के साथ कि वह अपने अधीन कार्यरत सभी कर्मचारियों को इस परिपत्र की विषयवस्तु से अवगत कराये।
3. सूचना पट्ट।
4. प्रोग्रामर (सूचना तकनीक) इस परिपत्र को निगम के वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।